**दिनांक 22.01.2024 को 4:00 बजे अपराह्न में निदेशक, गव्य विकास निदेशालय, बिहार, पटना की अध्यक्षता में गव्य विकास निदेशालय अन्तर्गत संचालित योजनाओं के बेवसाइट रख–रखाव, सॉफ्टवेयर विकास एवं मॉनिटरिंग हेतु एजेन्सी का चयन निविदा के आधार पर किये जाने के निमित्त प्रकाशित निविदा सूचना संख्या–PR No. 14877 (Animal) 2023-24 दिनांक 22.01.2024 के आलोक में प्राप्त निविदाओं में तकनीकी समिति की सम्पन्न बैठक की कार्यवाही :–**

---

**उपस्थिति :–**

1. निदेशक, गव्य विकास निदेशालय, बिहार, पटना।
2. गव्य अभियंता, गव्य विकास निदेशालय, बिहार, पटना।
3. उप निदेशक (मु0), गव्य विकास निदेशालय, बिहार, पटना।
4. गव्य अर्थशास्त्री, गव्य विकास निदेशालय, बिहार, पटना।

**साथ ही निम्नांकित निविदादाता फर्मों के प्रतिनिधि उपस्थित हुए :–**

1. Dreamline Technologies Pvt. Ltd.
2. ESDS Software Solutions Ltd
3. E-Connect Solutions Pvt. Ltd

सर्वप्रथम तकनीकी निविदा समिति के सभी सदस्यों एवं निविदादाता फर्मों के प्राधिकृत प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गयी।

तकनीकी निविदा समिति के सभी सदस्यों एवं उपस्थित निविदादाता फर्मों के प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष निविदा बॉक्स (Tender Box) खोला गया तथा पाया गया कि निम्नांकित 03 निविदादाताओं द्वारा सिल बंद निविदा कार्यालय में उपलब्ध निविदा बॉक्स में डाली गयी है :–

1. Dreamline Technologies Pvt. Ltd.
2. ESDS Software Solutions Ltd.
3. E-Connect Solutions Pvt. Ltd.

इसके अतिरिक्त तीन फार्म यथा Harktech, In Solutions Pvt. Ltd. तथा ADG Online Solutions Pvt. Ltd. द्वारा Online के माध्यम से निविदा के तिथि को बढ़ाने हेतु अनुरोध किया गया, जिसे तकनीकी समिति द्वारा अमान्य कर दिया।

निविदा बॉक्स में डाले गये सिल बंद लिफाफे पर सभी उपस्थित तकनीकी समिति के सदस्यों द्वारा हस्ताक्षर अंकित किया गया। तदोपरांत तकनीकी निविदा को खोला गया एवं उस पर समिति के सभी सदस्यों द्वारा हस्ताक्षर किया गया। तत्पश्चात प्राप्त तकनीकी निविदा के आधार पर तुलनात्मक विवरणी तैयार की गयी तथा निविदा के उक्त तुलनात्मक विवरणी पर सभी उपस्थित तकनीकी समिति के सदस्यों द्वारा हस्ताक्षर की गयी। तुलनात्मक विवरणी एवं बैठक में हुए विचार–विमर्श के आधार पर तकनीकी निविदा के शर्त्तों के संबंध में स्थिति निम्नवत पायी गयी :–

1. **<u>ESDS Software Solutions Ltd.</u>** :– निविदादाता फर्म द्वारा वित्तीय निविदा का बन्द लिफाफा दिया गया है। तकनीकी निविदा में अंकित तकनीकी Specification विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराये गये। कागजातों के

अवलोकनोपरांत उन्हें 100 Marks में मात्र 75 Marks प्राप्त हुए। अतः ESDS Software Solutions Ltd. तकनीकी निविदा में सफल हुए तथा इनके वित्तीय निविदा को खोले जाने का निर्णय लिया गया।

2. **Dreamline Technologies Pvt. Ltd.** :– निविदादाता फर्म द्वारा वित्तीय निविदा का बन्द लिफाफा दिया गया है। तकनीकी निविदा शर्त्तों के अनुरूप तकनीकी Specification विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराये गये। उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये कागजातों के अवलोकनोपरांत उन्हें 100 Marks में मात्र 90 Marks प्राप्त हुए। फलस्वरूप Dreamline Technologies Pvt. Ltd. तकनीकी निविदा में सफल हुए तथा इनके वित्तीय निविदा को खोले जाने का निर्णय लिया गया।

3. **E-Connect Solutions Pvt. Ltd** :– निविदादाता फर्म द्वारा वित्तीय निविदा का बन्द लिफाफा दिया गया है। तकनीकी निविदा में अंकित तकनीकी Specification विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराये गये। कागजातों के अवलोकनोपरांत उन्हें 100 Marks में मात्र 80 Marks प्राप्त हुए। अतः E-Connect Solutions Pvt. Ltd तकनीकी निविदा में सफल हुए तथा इनके वित्तीय निविदा को खोले जाने का निर्णय लिया गया।

अतः उक्त के आलोक में प्रस्तुत निविदा में सफल उक्त तीन निविदादाता फर्मों द्वारा समर्पित वित्तीय निविदा खोलने हेतु गठित क्रय समिति की बैठक आहूत किये जाने की अनुशंसा की गयी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ह0 | ह0/– | ह0/– | ह0/ |
| गव्य अर्थशास्त्री | उप निदेशक (मु0) | गव्य अभियंता | निदेशक |
| गव्य विकास निदेशालय, | गव्य विकास निदेशालय, | गव्य विकास निदेशालय, | गव्य विकास निदेशालय, |
| बिहार, पटना | बिहार, पटना | बिहार, पटना | बिहार, पटना। |

ज्ञापांक :– गव्य (यो0–1) 26/2023................../ पटना, दिनांक :–

प्रतिलिपि :– संबंधित सभी सदस्यों/निविदादाता फर्मों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

निदेशक

ज्ञापांक :– गव्य (यो0–1) 26/2023....171........../ पटना, दिनांक :– 25/01/2024

प्रतिलिपि :–विभागीय आई0 टी0 मैंनेजर को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25/1/24

निदेशक